## खबर संक्षेप

### नगर परिषद क्षेत्र डोला में बीएसएनएल का मोबाइल टावर न होने से उपभोक्ता परेशान



**राजनगर।** अनूपपुर जिले के राजनगर क्षेत्र के अंतर्गत नगर परिषद डोला का गठन हुए लगभग 4 वर्ष से अधिक होने जा रहे हैं, डोला क्षेत्र रामनगर तथा हंसनगर मिलाकर कुल 15 वार्ड है। डोला, रामनगर क्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग 43, कटनी से गुमला पर स्थित है। क्षेत्र की आबादी भी लगभग 8000 से अधिक है। उसके बाद भी भारत संचार निगम लिमिटेड की मोबाइल सेवा डोला क्षेत्र रामनगर क्षेत्र में नहीं है। यह कोयलांचल क्षेत्र है। जिसे मिनी इंडिया भी कहां जाता है। क्योंकि यहां पर हर प्रांत के लोग निवासरत हैं तथा कार्यरत हैं। कई वर्ष बीत जाने के बाद भी इस क्षेत्र में भारत संचार निगम लिमिटेड विभाग द्वारा अब तक मोबाइल टावर नहीं लगाया गया। मध्यप्रदेश में बीएसएनएल की 4G सेवाएं प्रारंभ हो चुकी हैं। अनूपपुर जिले के कई क्षेत्रो में 4G सेवाएं प्रारंभ हो चुकी है। परंतु यह क्षेत्र अभी भी मोबाइल नेटवर्क से अछूता है। संपूर्ण भारत वर्ष में बीएसएनल नेटवर्क होने के कारण तथा रिचार्ज कि दरें किफायती होने के कारण है। उपभोक्ताओं में बीएसएनएल के प्रति लगाव है। डोला में मोबाइल टावर लगने से विभाग को राजस्व प्राप्त होगा तथा उपभोक्ताओं को एक अच्छी सी सुविधा मिलेगी।

### प्याऊ खोलने के साथ होगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**शहडोल।** रोटरी क्लब आगामी दिनों में अनेक प्रकार के जनहित के कार्य कराए जाएंगे। सोमवार को आयोजित क्लब की बीओडी की बैठक में निर्णय लिया गया कि गर्मी को देखते हुए अनेक जगहों पर प्याऊ संचालित करने के साथ स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कराए जाएंगे। बैठक में आगामी सत्र के अध्यक्ष के लिए अमित गुप्ता के नाम पर सहमति बनी। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार भीषण गर्मी को देखते हुए सबसे पहले जिला चिकित्सालय प्रांगण में प्याऊ का खोला जाएगा। साथ ही गांधी चौक व अन्य जगहों पर खोले जाएंगे। इसके अलावा जनहित के कार्यों की कड़ी में 27 अप्रैल को अपोलो हॉस्पिटल के सहयोग से मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विशिष्ट जांचें एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श प्रदान किया जाएगा। महिला स्वास्थ्य एवं सुरक्षा तथा सैनेटरी पैड का वितरण अप्रैल माह में ही गंज स्थित गर्ल्स स्कूल में आयोजित किया जावेगा। बैठक में शव वाहन संचालन के संबंध में चर्चा हुई, जिसमें रोटेरियन विजय दुबे को अधिकृत किया गया। सदस्यता फीस के संबंध में चर्चा हुई। अंत में आगामी अध्यक्ष के नाम की घोषणा की गई। जिसके तहत वर्ष 2026-27 के लिए अध्यक्ष पद हेतु पूर्व सचिव रोटेरियन अमित गुप्ता को सर्वस मति से अध्यक्ष (नॉमिनी) की घोषणा क्लब अध्यक्ष संजय शर्मा द्वारा की गई। बैठक में अध्यक्ष संजय शर्मा, सचिव सतेंद्र सोनी, कोषाध्यक्ष दीपक कुशवाहा, अजय विजरा, प्रकाश गुप्ता, राजेश श्रीवास्तव, विजय दुबे, राजेश गुप्ता, केके गुप्ता, राजेश कटारे, अमित गुप्ता, धर्मेंद्र नामदेव, मृगेंद्र द्विवेदी, अमित गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

### एमएलबी में मचा भर्रा, दुर्दशाग्रस्त हैं मूलभूत सुविधाएं भी

# रोजगार, शिक्षा व कियोस्क के नाम पर वसूल रहे छात्राओं से शुल्क

**शहडोल।** नगर की सबसे अधिक छात्रा संख्या वाली महारानी लक्ष्मी बाई उच्चतर माध्यमिक कन्या पाठशाला इन दिनो नगर में चर्चा का विषय बनी हुई है। यहां नए शिक्षा सत्र के लिए 1 अप्रैल से कक्षाओं में प्रवेश चालू है। लेकिन पिछले बार की तरह इस बार भी बालिकाओं से रोजगार शुल्क वसूला जा रहा है। जबकि विद्यालय में रोजगार संबंधी न कोई शैक्षणिक व्यवस्था है और न ही कोई गतिविधि संचालित होती है। इस बारे में विद्यालय प्रबंधन की ओर से कोई सूचना अथवा जानकारी भी नहीं दी गई है। केवल वसूली का कार्य किया जा रहा है। बताया गया कि पिछले वर्ष तो विद्यालय प्रशासन ने प्रवेश के आवेदन फार्म भी बिकवाए थे जबकि वह निःशुल्क होते हैं। इस बार प्रवेश आवेदन तो निःशुल्क हैं लेकिन रोजगार शुल्क वसूला जा रहा है। कियोस्क शुल्क के लिए भी पैसे वसूले जा रहे हैं। इस संस्था में हर साल बालिकाओं से किसी न किसी नाम पर अनुचित वसूली की जाती है।

### इन कक्षाओं में प्रवेश

एमएलबी में इस समय कक्षा 9, 10, व 12 में प्रवेश दिया जा रहा है। कक्षा 8 उत्तीर्ण बालिकाएं 9वीं में, 9वीं उत्तीर्ण बालिकाएं कक्षा 10वीं में और 11वीं उत्तीर्ण बालिकाएं 12 वीं में प्रवेश ले रहीं हैं। बताया गया कि यहां सुबह से बालिकाओं और उनके परिजनों की भीड़ लग जाती है। आवेदन का अवलोकन करने और उसे जमा करने में भी विद्यालय में भीड़ लगती है तथा उसके लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है। हर साल यहां बैठक क्षमता से अधिक बालिकाओं का प्रवेश होता है, लेकिन अध्ययन व अध्यापन का स्तर ज्यों का त्यों बना हुआ है। कुछ अभिभावकों के अनुसार स्कूल का शैक्षणिक स्तर गिरता जा रहा है। इसके लिए प्राचार्य द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### 10 रुपए शुल्क वसूल रहे

मिली जानकारी के अनुसार प्रत्येक प्रवेशी छात्रा से आवेदन के साथ 10 रुपए का शुल्क रोजगार शिक्षण



के नाम पर वसूला जा रहा है। जबकि स्कूल में न तो किसी तरह का रोजगार पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है और न ही किसी तरह की रोजगार गतिविधियां ही संचालित की जातीं हैं। इसके बावजूद शुल्क वसूला जा रहा है जो कि समझ के परे है। कई वर्षों पूर्व यह जानकारी मिली थी कि उच्चतर माध्यमिक शालाओं में एक पाठ्यक्रम रोजगार संबंधी संचालित किया जाएगा लेकिन उसका क्रियान्वयन आज तक नहीं हुआ। एमएलबी में तो इतनी भी व्यवस्था नहीं कि नियमित पाठ्यक्रम ही सुचारू रूप से पूर्ण कराए जा सकें। फिर रोजगार पाठ्यक्रम संचालित कर पाना तो और भी कठिन होगा। स्कूल की व्यवस्थाएं भी लचर होती जा रहीं हैं, पिछले शिक्षा सत्र में बोर्ड कक्षाओं 10वीं व 12वीं की पढ़ाई में कुछ समय तक व्यवधान बना रहा।

### कियोस्क शुल्क 25 रुपए क्यों?

यही नहीं आवेदन के साथ कियोस्क शुल्क के नाम से प्रति छात्रा 25 रुपए वसूला जा रहा है। यह कहा जा रहा है कि आवेदनों को बाहर ऑनलाइन फीड कराना होगा, जिसका शुल्क 25 रुपए कियोस्क वालों को देना पड़ता है। जबकि यह शुल्क मात्र 10 रुपए लिया जाना चाहिए। हर इस स्कूल में प्रवेश के समय छात्राओं से तरह तरह की वसूली की जाती है और इस पर कोई पाबंदी नहीं लगाई जा रही है। प्राचार्य अपने मन से शुल्क निर्धारित कर लेता है। कई अभिभावकों ने आपत्तिजनक माना है। प्रवेश के समय इस संस्था की मॉनीटरिंग की जानी चाहिए, क्योंकि यहां बालिकाओं का अधिकतम प्रवेश होता है। शुल्क की कोई सूची सार्वजनिक नहीं की जाती है और न ही स्पष्ट रूप से उसकी कोई जानकारी ही दी जाती है।

### सफाई व पेयजल व्यवस्था बदहाल

नया शिक्षा सत्र शुरू होने वाला है, पढ़ाई प्रारंभ होगी और बालिकाएं स्कूल पहुंचेगी, लेकिन उसके लिए कोई तैयारी नहीं की गई है। विद्यालय परिसर में गंदगी तो है ही साथ ही टॉयलेट में भी गंदगी भरी पड़ी है। यहां स्वीपर कभी महीने पंद्रह दिन में एक बार दिखाई पड़ता है, उसी के द्वारा साफ सफाई की जाती है। स्कूल में सफाई की ओर बिल्कूल ध्यान नहीं दिया जाता है,जबकि स्वच्छता हर संस्था के लिए एक मिशन के समान है और उसे प्राथमिकता से लिया जाना चाहिए। इसी तरह पेयजल की व्यवस्था भी ठीक नहीं है। स्कूल के बोर पेयजल के लिए उपयोग में नहीं लाए जाते हैं। उनका पानी ठीक नहीं है, यहां नगरपालिका की वाटर सप्लाई का ही सहारा है, एक टंकी में पानी भर लिया जाता है उसी से काम चलता है। दो फ्रीजर हैं, एक बिगड़ा पड़ा है केवल एक चालू हालत में है।

## आग भड़कने से बाइक जलकर खाक



**शहडोल।** जिले में मौसम का तापमान निरंतर बढ़ रहा है। आलम यह है कि बुढार कोतमा रोड मार्केट एरिया में एक कपड़े के दुकान के बाहर खड़ी बाइक में अचानक आग लग गई, और देखते ही देखते बाइक आग के गोले में तब्दील हो गई। इससे आसपास अफरा तफरी सी मच गई। जिसे फिर स्थानीय लोगो ने अग्नि समन यंत्र से आग पर काबू पाया। अप्रैल के पहले सप्ताह में ही तापमान में वृद्धि से आने वाले दिनों में हीट वेव की भीषणता का अंदाजा लगाया जा सकता है। बताया गया कि दोपहर की गर्मी के कारण बाईक में अचानक आग लग गयी और देखते ही देखते पूरी बाइक धू-धू कर जल गयी। बाइक में धुआं उठने के कुछ ही देर बाद आग ने विकराल रूप ले लिया। मोटरसाइकिल सवार युवक ने समय रहते भागकर अपनी जान बचाई। रिहायशी इलाके में आग लगने से अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया था,जिसे फिर स्थानीय लोगो ने अग्नि समन यंत्र से अग पर काबू पाया, आग कैसे लगी यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है गई। जबकि लोग गर्मी से आग लगना मान रहे हैं।



## ई-आफिस की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने ई-ऑफिस संचालन की प्रक्रिया प्रारंभ करने हेतु तेजी लाने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। उन्होनें संभाग स्तरीय अधिकारियों से समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि संभाग के सभी अधीनस्थ कार्यालयों में शासकीय सेवकों की ई-आईडी बनाकर उन्हें ई-ऑफिस संचालन प्रक्रिया से जोड़ें तथा सतत रूप से मानीटरिंग भी करें। जहां प्रशिक्षण की आवश्यकता हो प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। बैठक में उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा पांडेय, संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश सहित अन्य संभाग स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में संभाग के दूरदराज से आए फरियादी

### आयुक्त ने सुनी पीड़ितों की फरियाद, दिए कार्रवाई के निर्देश

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता की उपस्थिति में कमिश्नर कार्यालय के अमरकंटक सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में शहडोल संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं एवं शिकायतों के निराकरण के निर्देश कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गप्ता ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

### नहीं हो रहा भुगतान

जनसुनवाई में कमल कुमार गुप्ता सेवा निवृत्त सहा.ग्रेड-2 जनपद पंचायत गोहपारू ने आवेदन देते हुए बताया कि मैं 31 जूलाई 2022 को सेवा निवृत्त हो गया हूं। मुझे आज तक जनपद पंचायत गोहपारू जिला शहडोल से सेवा निवृत्त के बाद मिलने वाले स्वत्वों का भुगतान नहीं किया गया है। उनका कहना था कि उन्हें सेवा निवृत्त के



बाद मिलने वाले सभी स्वत्वों का भुगतान करा दिया जाए। जिस पर कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संबंधित विभाग की ओर आवेदन प्रेषित कर प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### ग्राम पंचायत का विद्युतीकरण हो

जनसुनवाई में अनूपपुर जिले की पुष्पराजगढ़ तहसील के ग्राम पंचायत गिजरी के सरपंच अमर सिंह, बुद्धसेन सिंह, दलवीर सिंह, एवं इन्द्रपाल सिंह सहित अन्य ग्राम वासियों ने संयुक्त रूप से आवेदन देते हुए बताया कि आज तक अनूपपुर जिले की पुष्पराजगढ़ तहसील के ग्राम पंचायत गिजरी में विद्युतीकरण नहीं किया गया। जिसके तहत आमजन को बिजली के अभाव में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना था कि उनके ग्राम पंचायत गिजरी में शीघ्रता के साथ विद्युतीकरण किया जाए। जिस पर कमिश्नर ने संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर प्रकरण की जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने जन सुनवाई में अन्य आवेदनों की भी सुनवाई की तथा संबंधित अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा पांडेय, संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह कनेश सहित अन्य संभाग स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय सदस्यों सम्मेलन हुआ संपन्न

**शहडोल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत शर्मा जी के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी जिला शहडोल की जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस साप्ताहिक पखवाड़ा के अंतर्गत मंगलवार 8 अप्रैल को ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय सदस्य का सम्मेलन दीपक मैरिज गार्डन में संपन्न हुआ मंगलवार को भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए बताया है कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिलाअध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी ने भाजपा की चुनावी सफलता एवं संगठनात्मक विषय पर विस्तार से चर्चा की एवं व्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक शरद कोल ने भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन के विषय पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया तो वही सक्रिय सदस्य के सम्मेलन में पधारे लोकसभा क्षेत्र सीधी के सांसद श्री राजेश मिश्रा जी द्वारा प्रधानमंत्री जी के रूप में श्री नरेंद्र मोदी जी साथ के लगभग 11 वर्ष विकसित भारत की ओर यात्रा के विषय पर अपना उद्बोधन दिया कार्यक्रम व्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय सदस्य पदाधिकारी वरिष्ठ ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित



रहे।

**9 अप्रैल जयसिंहनगर विधानसभा में 10 अप्रैल जैतपुर विधानसभा में सक्रिय सदस्यों का होगा सम्मेलन**

मीडिया प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार 9 अप्रैल को जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन शहडोल नगर के कमला नगर स्थित संभागीय मुख्यालय 'अटल निलय' जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित किया जाएगा सक्रिय सदस्यों के सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा, भाजपा की चुनावी सफलता एवं संगठनात्मक विषय पर विस्तार से चर्चा करेंगेपूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष श्री अनुपम अनुराग अवस्थी भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा ले गए परिवर्तन के विषय पर चर्चा करेंगे तो वही जयसिंहनगर क्षेत्र की विधायक भाजपा प्रदेश मंत्री श्रीमती मनीषा सिंह द्वारा प्रधानमंत्री जी के रूप में श्री नरेंद्र मोदी जी साथ के लगभग 11 वर्ष विकसित भारत की ओर यात्रा के विषय पर अपना उद्बोधन देगी। एवं 10 अप्रैल को जैतपुर विधानसभा के सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन बुढार नगर स्थित सिंधी धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा सक्रिय सदस्यता सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा पूर्व जिलाअध्यक्ष कमल प्रताप सिंह , भाजपा की चुनावी सफलता एवं संगठनात्मक विषय पर विस्तार से चर्चा करेंगे पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छाबड़ा जी भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा ले गए परिवर्तन के विषय पर चर्चा करेंगे तो वही विधानसभा जैतपुर क्षेत्र के विधायक जयसिंह मरावी जी द्वारा प्रधानमंत्री जी के रूप में श्री नरेंद्र मोदी जी साथ के लगभग 11 वर्ष विकसित भारत की ओर यात्रा के विषय पर अपना उद्बोधन देगी। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा जी ने विधानसभा क्षेत्र में होने वाले सक्रिय सदस्य सम्मेलन विधानसभा क्षेत्र के सभी सक्रिय सदस्यों को सूचित करने एवं कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सक्रिय सदस्य उपस्थित हो जिसकी जिम्मेदारी विधानसभा स्तर पर बनाई गई टोली एवं मंडल अध्यक्षों को जिम्मेदारी सौपी गई है।

# ग्राम सभाओं का चरणबद्ध आयोजन होगा 14 अप्रैल से

**शहडोल।** मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के अंतर्गत प्रदेश में 14 अप्रैल 2025 से 18 अप्रैल 2025 तक ग्राम सभाओं का चरणबद्ध आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत में आयोजित ग्राम सभाओं में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 अंतर्गत बालिका की उम्र 18 वर्ष एवं बालक की उम्र 21 वर्ष से कम उम्र के विवाह नही किये जाने हेतु जागरूकता, बेटी बचाओं, बेटी पढाओं योजना पर चर्चा, स्कूलों और ऑगनवाडी केन्द्रों में स्वच्छ जल की उपलब्धता पर चर्चा, कुपोषण मुक्त ग्राम पर चर्चा, विभिन्न प्रकार की पेंशन योजनाओं में लाभ वाले हितग्राहियों की सूचियों का वाचन, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर (आरोग्यम) में प्रदाय की जाने वाली एवं स्वास्थ्य विभाग संबंधी योजनाओं पर चर्चा, शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्राम सभा के समक्ष रखना, ग्राम के स्वीकृत व प्रगतिरत निर्माण कार्यों संबंधी जानकारी का प्रस्तुतिकरण व चर्चा, ग्राम में छूटे हुए लक्षित/पात्र परिवारों का स्व-सहायता समूहों में शीघ्र समावेश कर ग्राम को परिपूर्ण करना एवं ग्राम के लक्षित परिवारों का समूहों में समावेश का वाचन तथा सत्यापन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत महिला सदस्यों के नाम से स्वीकृति पर चर्चा सहित अन्य गतविधियां आयोजित की जाएंगी।

## लगी आग, दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू, समान सहित बाईक जलकर हुई राख

**राजनगर।** रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर परिषद डोला के वार्ड नं. 8 में तक़रीबन 7:30 बजे आग लगने से बाईक सहित लाखो का सामान जलकर हुआ राख। वहीं लोगों की मदद से घर में रखे सामान को बाहर कराया गया साथ ही नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष को भी आग लगने की जानकारी दी गई। जिस पर मौके पर पहुंचे डोला अध्यक्ष प्रतिनिधि रीनू सुरेश कोल, उपाध्यक्ष रवि शंकर तिवारी, पार्षद सहित डोला दमकल की टीम द्वारा आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा था। लेकिन रुम में रखी बाईक व ट्रकों के टायरो में आग लगने की वजह से आग की लपटें तेज हो गई थीं। जिस पर बनगवां (राजनगर) अध्यक्ष यशवंत सिंह को भी आग की जानकारी दी गई। जिस पर उनके द्वारा भी अपनी परिषद के दमकल की टीम को मौके स्थल पर रवाना किया गया। वहीं नगर परिषद डोला मस्टर कर्मचारी व नगर परिषद बंनगवा मस्टर कर्मचारियों द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

**जिन संविलियन कर्मचारियों की फायरमैन मे ड्यूटी उन्होंने बनाई दूरी**

मुख्य नगर पालिका अधिकारी डोला राजेश मार्को द्वारा न्यायालय के आदेश पर 7 अप्रैल को समस्त कर्मचारियों को कार्य आवंटन किया गया था। जिसकी कॉपी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सहित डोला नगर परिषद के नोटिस बोर्ड पर भी चश्पा की गई थी। लेकिन आज देखा गया कि जिन कर्मचारियों की ड्यूटी सुबह 6 से 2 बजे लगाई गई थी। वह महिला कर्मचारी सहित फायरमैन वाहन चालक भी अपने




ड्यूटी से नदारद रहे हैं। अब देखना है, कि प्रशासन इन पर कार्यवाही करती है या अभयदान देती हैं।

**नगर परिषद डोला व बंनगवा मस्टर कर्मचारियों ने सम्हाला मोर्चा आग पर पाया काबू**

नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है, कि आगजनी जैसी गंभीर मामलों पर उन कर्मचारियों की लापरवाही है जिनकी सुबह ड्यूटी लगी थी। आज इनकी लापरवाही से एक गरीब का घर जलकर राख हो गया। नगर परिषद डोला मे जिन संविलयन कर्मचारियों की ड्यूटी रात्रि 12 से सुबह 8 बजे थी। लेकिन सभी अपनी ड्यूटी पर उपस्थित नहीं थे। आग लगातार बढ़ते ही जा रही थी। साथ ही पड़ोस के घर तरफ बढ़ रही थी। जिससे नगर के लोगों द्वारा सुनील गुप्ता के घर का सामान बाहर कराया गया। जिससे अन्य रुम में रखे सामनों को बचाया गया। डोला परिषद के मस्टर कर्मचारी रिंकू दुबे, बबन, ओमप्रकाश, प्रशांत कोल, अनुज नाहर, शनि खरे व नगर परिषद बनगवां के मस्टर कर्मचारियों मे धनंजय यादव, अखंड प्रताप सिंह, अजय शंकर उपाध्याय, अभिलेष विश्वकर्मा द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू।

**इनका कहना है**

कार्य आवंटन किया जा चूका है, जिनकी ड्यूटी लगी थी। वो सभी उपस्थित नहीं थे। उनसे जवाब मगाया जायेगा। मस्टर कर्मचारीयों व नगर वासियों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया।

**रीनू सुरेश कोल**
**अध्यक्ष नगर परिषद डोला**



## खबर संक्षेप

### प्रशिक्षण सह-कार्यशाला आज

**शहडोल।** संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश ने जानकारी दी है कि वन व्यवस्थापन विषय पर प्रशिक्षण सह-कार्यशाला का आयोजन 9 अप्रैल 2025 को प्रातः 11 बजे से कमिश्नर कार्यालय शहडोल के अमरकंटक सभागार में किया जाएगा। उक्त कार्यशाला में वनमंडलाधिकारी, समस्त अनुभागीय अधिकारी एवं पदेन वन व्यवस्थापन अधिकारी (राजस्व), समस्त भू-अभिलेख अधिकारी एवं वनमंडलों के मानचित्रकार उपस्थित रहने के लिए कहा गया है।

### बंदरो को मेन सड़क के किनारे खाने का देकर खतरे में ना डाले।

**उकवा** / बेजुबान जानवर जिनको लोगो ने खाने का लालच दे कर सड़क पर ला दिए जिस से आए दिन एक ना एक बंदर सड़क हादसे में मारा जाता है और वह अपने परिवार से बिछड़ जाता हैं 1 मानते है आप लोग भी जानवरो के प्रति प्रेम रखते है और एक छोटी सी पहल बंदरों की जान बचा सकतीं है । जब भी बन्दरों को खाने का दें तो उन्हें सड़क से बाहर कुछ दूरी में दें जिस से बंदर सड़क पर ना आये ऐसा करने से वो सुरक्षित रहे। जिस से उनकी जीवनशैली बनी रहे देखा जा रहा है कि आज कल बंदर अपनी जीवनशैली भूल चुके है इसीलिए वह जंगलों को छोड़के इंसानों के बीच घरों में ज़्यादा परेशान करते है जिस वजह से बिज़ली के तारों से चिपक कर या कुँवे आदि जगह गिर कर जान चले जाती हैं 1 वजह यही है कि हम इंसानों ने उनको खाने का लालच देकर गाँवों की और पलायन करने में मजबूर कर दिये हैं 1 इसलिए बंदरों का जीवन जंगलों में रहने से ही सुरक्षित है 1और शासन प्रशासन सें मेरा विनम्र निवेदन है जिस तरह से पेड़ो की कटाई की जाती हैं उसी तरह से जंगलों में कुछ फलदार पेड़ पौधे लगाया जाये जिस से जंगल में रहने वाले जीव जंतु को उनके लायक़ कुछ खाने को मिल जाये ।आपका जीव दया प्रेमी समाजसेवी अमन ग़ौतम 1 विधानसभा अध्यक्ष असंगठित कामगार एवं कर्मचारीं मध्यप्रदेश ।

### वर्षों से नहीं हो पाया मंडी परिसर का सीमांकन

**वारासिवनी।** लगभग 50 वर्षो से अधिक समय से वारासिवनी नगर के वार्ड नबर 4 में शासकीय टिहलीबाई माध्यमिक शाला के खेल मैदान के बाजू में झोपड़ी व मकान बनाकर रहने वाले बैगा आदिवासियों को अतिक्रमित बताकर हटाने के लिए तहसीलदार वारासिवनी लगातार प्रयास कर रहे है। लेकिन पिछले 5 वर्षो से वारासिवनी नगर के वार्ड नबर 7 में स्थित कृषि उपज मंडी द्वारा लगातार मंडी के भारसाधक अधिकारी एसडीएम व सचिव के माध्यम से सीमांकन के लिए आवेदन लगा रही है। लेकिन आज तक तहसीलदार साहब को कृषि उपज मंडी की भूमि का सीमांकन करने की फुरसत नहीं मिल पा रही है। हालात यह हैं कि एसडीएम वारासिवनी द्वारा वर्ष 2020 से लगातार कृषि उपज मंडी वारासिवनी की भूमि का सीमांकन कर फील्ड बुक प्रस्तुत करने के आदेश दिए जा रहे है, लेकिन तहसीलदार वारासिवनी द्वारा एसडीएम के आदेश की भी अवहेलना लगातार की जा रही हैं। 24 अगस्त 20 को दिया था एसडीएम ने तहसीलदार को पहला आदेश सीमांकन का- कृषि उपज मंडी वारासिवनी से सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त जानकारी अनुसार कृषि उपज मंडी वारासिवनी का कुल रकबा 2.128 हेक्टेयर है। लेकिन वर्तमान समय में उसके चारों ओर अतिक्रमण की बाढ़ आई हुई हैं, जिसके कारण उसका रकबा कम हो गया हैं। जिसके सीमांकन के लिए कृषि उपज मंडी वारासिवनी के सचिव द्वारा 8 अगस्त 2020 को मंडी के भारसाधक अधिकारी/एसडीएम को पत्र लिखा गया था।

# चलाया गया विशेष जांच अभियान, कार्यवाही के साथ दी समझाइश



**कोतमा।** नगर के प्रमुख चौक चौराहा में पुलिस सुरक्षा व्यवस्था चौकस रखने विशेष अभियान चला रही है। थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस के द्वारा आए दिन अलग-अलग स्थान में वाहन चेकिंग लगाते हुए बिना हेलमेट एवं दस्तावेजों में कमी वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही के साथ समझाइस भी दी जा रही है। नगर के हाईवे केशवाही चौक एवं थाने के सामने वाहन चेकिंग अभियान चलाते हुए पुलिस ने बीस से ज्यादा दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों के खिलाफ बिना हेलमेट एवं दस्तावेजों में कमी पाए जाने पर चालानी कार्यवाही करते हुए लगभग दस हजार रूपए का सम्मन शुल्क वसूली की कार्यवाही की गई है। पुलिस के द्वारा सभी वाहनों को रोक कर दस्तावेजों की जांच की विशेष कर बगैर हेलमेट वाले दो पहिया वाहन चालकों को समझाइस देकर सम्मन शुल्क भी वसूला गया। कार्यवाही के दौरान उप निरीक्षक अकबर खान, बृजेश पांडे, संजीव त्रिपाठी, कपिल उईके, संजय द्विवेदी, शुभम तिवारी सहित अन्य पुलिस स्टाफ शामिल रहे। चेकिंग के दौरान कई वाहन चालकों में हड़बड़ी भी देखने को मिली जिसके कारण कई वाहन चालक दस्तावेज न होने के चलते आधे रास्ते से वापस लौट गए तो कई लोग पकड़े जाने पर मोबाइल फोन के माध्यम से दबाव बनाते नजर आए साथ ही कुछ लोग गलती मानते हुए माफ़ी मांगते दिखे। थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह ने बताया कि अभियान लगातार जारी रखा जाएगा। साथ ही सड़क पर व्यापारियों के द्वारा चार पहिया वाहन खड़ा करते हुए अघोषित रूप से पार्किंग स्थल बनाकर वाहन खड़ा कर दिया जाता है जिसके कारण जाम की स्थिति आये दिन बनती है। जबकि पूर्व में अभियान चलाते हुए जिला यातायात पुलिस एवं स्थानीय पुलिस के द्वारा नगर में एलाउंस करते हुए सड़कों पर खड़े हो रहे वाहनों को व्यवस्थित खड़ा करने की अपील भी की जा चुकी है। साथ ही एलआईसी ऑफिस से लेकर मुखर्जी चौक तक माडल सड़क पर दुकानदारों के द्वारा अपने निजी वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है जिसके कारण आवागमन करने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उनके विरूद्ध भी अभियान चलाकर चालानी



# यू. सी. मास. उमरिया के सितारे इंदौर में चमकने को तैयार, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बढ़ाएंगे नगर का मान

**उमरिया** – जिले की प्रतिष्ठित आई॰पी॰एस॰ एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल द्वारा संचालित यूसीमास उमरिया सेंटर के बच्चों ने एक बार फिर अपनी मेहनत और प्रतिभा से नई ऊंचाई हासिल की है। आगामी 26 अप्रैल को इंदौर के अभय प्रशाल खेल मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय यूसीमास अबेकस और मेंटल मैथ्स प्रतियोगिता में इस सेंटर के 29 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश भर के लगभग 8000 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों को 200 गणितीय सवालों का समाधान केवल 8 मिनट में देना होगा। इससे पहले भी यूसीमास उमरिया के बच्चों ने राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जिससे नगर का नाम रोशन किया है। यूसीमास उमरिया सेंटर के अनुभवी प्रशिक्षक बच्चों को गणित की कठिन समस्याओं के समाधान के विभिन्न तकनीक सिखाते हैं। बच्चों और उनके अभिभावकों का मानना है कि यह प्रतियोगिता उनके जीवन में एक नई दिशा का मार्गदर्शन करेगी। बच्चों के साथ उनके अभिभावक और प्रशिक्षक 23 अप्रैल को नर्मदा एक्सप्रेस से इंदौर के लिए रवाना होंगे। प्रतियोगिता 25 अप्रैल को होगी, और 26 अप्रैल को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों की गणना क्षमता, एकाग्रता और त्वरित निर्णय लेने की क्षमता को बढ़ावा देना है। यह प्लेटफॉर्म बच्चों को आत्मविश्वास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचने का मौका प्रदान करेगा।

# ऊर्जा मंत्री के साथ PEEA की बैठक संपन्न



**चचाई।** ऊर्जा मंत्री के साथ भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह गुर्जर के नेतृत्व में पावर इंजिनियर्स एवं एम्प्लाइज ऐसोसिएशन (PEEA) एवं म.प्र. बिजली कर्मचारी महासंघ की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उच्च शिक्षा प्राप्त कनिष्ठ अभियंताओं को सहायक अभियंता के पद पर एवं कर्मचारियों कनिष्ठ अभियंता के पद पर नियुक्ति दिये जाने, कर्मचारियों के वेतन विसंगति छठे वेतनमान में 2500/- ग्रेड पे हेतु मूलवेतन 6510/- की जगह 7440/- से अधिक कर तदानुसार सातवे वेतनमान में मूलवेतन 23200/- की जगह 25300/- किये जाने को लेकर एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा सम्पन्न हुई। उक्त मामले पर विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी को सम्पूर्ण मामला समझ कर प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया, साथ ही यह भी आश्वासित किया गया की इस मामले पर मंत्री की अध्यक्षता में अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा के साथ संगठन की बैठक सम्पन्न होगी। बैठक में BMS के प्रदेश महामंत्री एवं PEEA के अध्यक्ष कुलदीप सिंह गुर्जर, PEEA के महासचिव अजय कुमार मिश्रा, महासंघ के अध्यक्ष अशोक शुक्ला PEEA के क्षेत्रीय सचिव भोपाल अमरनाथ, PEEA के सह संगठन सचिव शरद तिवारी, महासंघ के मध्य क्षेत्र महामंत्री संदीप त्रिपाठी एवं PEEA के क्षेत्रीय सदस्य सारणी नरेंद्र गुर्जर उपस्थित थे।

### दो पहिया वाहन की आपस में टक्कर युवक हुआ घायल

**कोतमा।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 मे सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है । नये हादसे में सोमवार की रात 9 बजे के लगभग मोटरसाइकिल की आमने-सामने भिड़ंत में 32 वर्षीय युवक राजा केवट निवासी पोड़ी चौड़ी को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बारे में बताया जाता है कि राजा केवट अपने दो पहिया वाहन से अनूपपुर की ओर से वापस घर की ओर जा रहा था वही एक तेज रफ्तार दो पहिया वाहन चालक जो की बदरा से फुनगा की ओर जा रहे चालक द्वारा तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दो पहिया को ठोकर मारकर फरार हो गया। दुर्घटना से घायल राजा केवट के सिर में गंभीर चोट आने से खून से लथपथ सड़क पर तड़प रहा था। जिसकी सूचना पर समाजसेवी शिवांश सिंह द्वारा घटना स्थल पर पहुंचते हुए घायल को अपने वाहन से तत्काल सीएचसी पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सिर में चोट होने के कारण बाहर रेफर किया गया।



# नोबल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल जैतहरी का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**जैतहरी।** नोबल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल जैतहरी का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें संस्था के समस्त अभिभावक गण, छात्र-छात्राएं, एवं नगर के गण मान्य नागरिक उपस्थित थे। परिणाम शत प्रतिशत रहा जिसमें केजी-I से प्रथम रैंक कार्तिक अग्रवाल, सेकेंड रैंक इरम बेग, थर्ड रैंक आयंस सिंह राठौर, केजी- II से प्रथम रैंक अलीना फिरदौस, सेकेंड रैंक शिवानी कुमारी, थर्ड रैंक सैलू kol, क्लास 1st से प्रथम रैंक उत्सव अग्रवाल, सेकेंड रैंक काव्या सोंधिया, सेकेंड रैंक काव्या राठौर, थर्ड रैंक कनक अग्रवाल, क्लास 2nd से प्रथम रैंक श्रेया भारिया, सेकेंड रैंक भारगवी तिवारी, हार्दिक शाह, थर्ड रैंक सारा सिद्दीकी, रूबी सिंह राठौर, क्लास 3rd से प्रथम रैंक मन्तसा सिद्दीकी, सेकेंड रैंक अरहान बेग, थर्ड रैंक अदीबा अंसारी, क्लास 4th से फर्स्ट रैंक अनन्या पांडे, सेकेंड रैंक आर्यन अग्रवाल, थर्ड रैंक सौर्य राठौर, क्लास 6th से फर्स्ट रैंक मोनिका माहरा, सेकेंड रैंक पलक राठौर, थर्ड रैंक सुहानी राठौर, क्लास 7th से फर्स्ट रैंक अभिलाष द्विवेदी, सेकेंड रैंक रवि चर्मकार, थर्ड रैंक अनन्या कुमारी, क्लास 9th से फर्स्ट रैंक राधिका राठौर, सेकेंड रैंक नैंसी गुप्ता, थर्ड रैंक आदित्य मिश्रा, क्लास 11th से कॉमर्स ग्रुप से फर्स्ट रैंक आदितेय ताम्रकार सेकेंड रैंक पर्व अग्रवाल थर्ड रैंक शुभी तिवारी तथा साइंस ग्रुप से फर्स्ट रैंक दीपिका गुप्ता, सेकेंड रैंक जान्हवी गुप्ता, थर्ड रैंक अमित राठौर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अव्वल रहे विद्यालय परिवार सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।





# पति को फांसी पर झूलता देख पत्नि ने पी ली फिनायल

**शहडोल।** धनपुरी बाजार मुहल्ला निवासी अजय सिंह बंटी नामक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद जब उसकी पत्नी ने उसे फांसी के फंदे पर झूलते देखा, तो उसने भी आत्महत्या का प्रयास किया। पत्नी ने पहले फांसी लगाने की कोशिश की और फिर फिनायल पी लिया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना धनपुरी थाना क्षेत्र के बाजार मोहल्ला एयरटेल टॉवर के पास की है। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है, और पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि अजय कुमार सिंह बंटी ने अज्ञात कारणों से घर के स्टोर रूम में फांसी लगाकर सुसाइट कर लिया। पत्नी अर्चना सिंह ने पहले फांसी लगाने की कोशिश की और फिर फिनायल पी लिया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। मामले की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची धनपुरी पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की वैधानिक कार्यवाही कर रही है।

# राजपूत करणी सेना की संभागीय बैठक संपन्न, संगठनात्मक मजबूती और सामाजिक सरोकारों पर हुआ मंथन

**मानपुर।**

राजपूत करणी सेना की एक महत्वपूर्ण संभाग स्तरीय बैठक मानपुर स्थित शिव होटल में संपन्न हुई। इस बैठक में प्रदेश स्तरीय शीर्ष पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। संभागीय प्रवक्ता राहुल सिंह राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह बैठक शहडोल संभाग के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों – शहडोल, उमरिया, अनूपपुर और डिंडोरी – के संगठन पदाधिकारियों की सहभागिता के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। बैठक में संगठन की वर्तमान गतिविधियों की समीक्षा के साथ ही आगामी रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई मुख्य रूप से सदस्यता अभियान को गति देने, युवाओं में जागरूकता लाने, सामाजिक समरसता के लिए कार्यक्रम आयोजित करने तथा राजपूत समाज की गरिमा और सम्मान को सुरक्षित रखने के विभिन्न पहलुओं पर विमर्श हुआ। धीरेंद्र सिंह दादू ने कहा कि करणी सेना निरंतर समाज के हित में कार्य कर रही है तथा समाज के स्वाभिमान की रक्षा, गौरवशाली परंपराओं का संरक्षण और सामाजिक एकता की भावना को मजबूत




करने के लिए प्रतिबद्ध है इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष शैहेद्र सिंह, गणेश प्रताप सिंह, संभागीय अध्यक्ष रीवा प्रशांत सिंह, जिलाध्यक्ष रीवा भास्कर सिंह मोनू, संभागीय अध्यक्ष शहडोल धीरेंद्र सिंह दादू, संभागीय उपाध्यक्ष सतना लोकेंद्र सिंह जिला अध्यक्ष राहुल सिंह सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अन्य प्रमुख उपस्थित जनों में ओंकार सिंह बबलू, करकेली से मुन्ना सिंह, मानपुर से मनोज सिंह, सरमनिया से विजय सिंह, बुढ़ार से सुनील सिंह, शहडोल से करण सिंह, अनुज सिंह, हर्ष सिंह, रवि सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, बृजेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, नारायण सिंह और कृष्ण प्रताप सिंह का उल्लेखनीय योगदान रहा बैठक में भारी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति से संगठन की मजबूती का अहसास हुआ और भविष्य के कार्यक्रमों को लेकर उत्साह देखा गया।

# कलेक्टर की जनसुनवाई, आवेदनों का निराकरण करने निर्देश

## ग्रामीणों ने क्षेत्रीय समस्याओं से भी अवगत कराया

**शहडोल।**

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में शहडोल जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं व शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में शहडोल जिले के जनपद पंचायत गोहपारू ग्राम जमुनिहा निवासी रामकृपाल कुशवाहा ने जनसुनवाई में कलेक्टर को बताया कि जंगली जानवरों द्वारा गेंहू मटर मेथी की फसल को पूर्ण रूप से नुकसान कर दिया गया है। उनका कहना था कि नुकसान हुई फसल का मुआवजा दिलाया जाए। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जयसिंहनगर के ग्राम कुदरी निवासी ममता यादव ने आवेदन देकर बताया कि बुद्धसेन यादव शासकीय सेवारत पशु चिकित्सालय झारा में संरक्षक के पद पर उपकेन्द्र झारा मु य ग्राम खंड



जयसिंहनगर जिला शहडोल म.प्र. में शासकीय सेवा काल के दौरान दिनांक 19 सितंबर 2009 को मृत्यु हो चुकी है तथा आज दिनांक तक मेरे मृतक पति के बाद भी अनुकपा नियुक्त नहीं दिया गया और न ही कोई कार्यवाही की गई। उनका कहना था कि मेरे पति के स्थान पर मेरे पुत्र अर्जुन यादव को अनुकंपा नियुक्ति दिलाई जाए। जिस पर कलेक्टर ने उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग की ओर आवेदन प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर ने जन सुनवाई में अन्य आवेदनों की भी सुनवाई की तथा संबंधित अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नरेंद्र सिंह धुर्वे, डिप्टी कलेक्टर भागीरथी लहरे सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थें।

# राज्य स्तरीय गणित ओलंपियाड व नवोदय में चयनित छात्रा दीपिका

### शासकीय प्राथमिक विद्यालय शिवधाम की दो बहनों सहित तीन छात्राओं का राज्यस्तरीय गणित ओलंपियाड में चयन दीपिका का नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 के लिए चयन

**वारासिवनी।**

नगरीय क्षेत्र से लगी ग्राम पंचायत वारा के शासकीय प्राथमिक विद्यालय शिवधाम के एक साथ दो बहनों सहित तीन प्रतिभावान छात्राओं ने जिला स्तरीय गणित ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भोपाल में होने वाली राज्य स्तरीय गणित ओलंपियाड में शामिल होने की पात्रता हासिल की है। वहीं विद्यालय की एक छात्रा दीपाली ने नवोदय विद्यालय द्वारा आयोजित कक्षा 6 वीं चयन परीक्षा में चयनित होकर सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया हैं।

विदित हो कि बीते दिवस जिला मुयालय में आयोजित कक्षा 2 से कक्षा 8 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए गणित ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन किया गया था। जिसमें शासकीय प्राथमिक विद्यालय शिवधाम के तीन प्रतिभावान छात्राओं कक्षा 3 री की राशि शिवदयाल साहू, कक्षा 5 वीं की मोहिनी शिवदयाल साहू तथा दीपिका दयाराम बाहेश्वर ने शामिल होकर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ सफलता प्राप्त कर भोपाल में आयोजित होने वाले



राज्य स्तरीय गणित ओलंपियाड के लिए पात्रता प्राप्त कर ली हैं। इतना ही नहीं कक्षा 5 वीं की छात्रा दीपिका ने गणित ओलंपियाड में कामयाबी प्राप्त करने के साथ ही नवोदय विद्यालय द्वारा आयोजित कक्षा 6 वीं चयन परीक्षा में भी सफलता प्राप्त कर नवोदय विद्यालय के लिए चयनित होकर विद्यालय सहित ग्राम का मान बढ़ाया हैं। इन प्रतिभाशाली छात्राओं द्वारा स्कूल एवं ग्राम का मान बढ़ाने पर सरपंच सूर्यभान पुसाम, पूर्व सरपंच राजा अली, प्रधानाचार्य नीलकंठ कावड़े, शिक्षिका कुमिका डोंगरे, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष पूजा बिसेन, आशुतोष कोहरे, रूसेन्द्र हरिनखेड़े सहित विद्यालय परिवार ने चयनित छात्राओं को शुभकामनाएँ देते हुए उत्साहवर्धन किया हैं।

## खबर संक्षेप

### पति फांसी पर झूला, शोकाकुल पत्नी ने कर लिया विषपान

**धनपुरी।** वार्ड क्रमांक 21 पुराना 18 निवासी सीनियर क्लर्क स्वर्गीय पूरन सिंह के बड़े पुत्र अजय सिंह उर्फ बंटी धनपुरी ने पुराने कांजी हाउस के समीप अपने ही निवास में सुबह लगभग 7:00 बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फांसी लगाए जाने के कारणों का पता नहीं लग सका है। खुदकुशी की घटना सूचना धनपुरी थाने को दी गई जिस पर धनपुरी थाने में मार्ग क्रमांक 4/25 पर सुबह 9:30 बजे टाइमिंग की गई टाइमिंग के उपरांत थाने के निरीक्षक एवं स्टाफ द्वारा मौके पर पहुंच कर पंचनामा कर बॉडी को उतरवाया गया और पीएम के लिए चिकित्सालय भेजा गया जहां पीएम के उपरांत बॉडी को परिवार जनों को सौंप दिया गया।

**पत्नी ने पिया फिनायल :** सदमे की खबर सुनते ही उसकी पत्नी भी सोची कि मेरा जीना किस काम का उसने भी फांसी लगाने की कोशिश की जब लोगों ने देखा कि फांसी लगा रही है तो उसे बचा लिया गया बचाने के उपरांत फिनाइल भारी सीसी पीकर अपनी जान देने की कोशिश की गई जिससे उसकी हालत गंभीर होते ही उसे शहडोल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उसका उपचार चल रहा है। मुक्तिधाम भुतही तलैया के निकट मृतक का अंतिम संस्कार किया गया अंतिम संस्कार में सैकड़ो की तादाद पर लोग एकत्रित हुए इनका एक 11 साल का पुत्र है उसी के द्वारा मुखाग्नि दिया गया अजय सिंह उर्फ बंटी कियोस्क बैंक के संचालक थे, इनकी नगर में काफी लोकप्रियता थी।

### अग्नि हादसों से बचाव की व्यवस्था करने निर्देश

**कटनी।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया नें जिले में ग्रीष्म ऋतु के दौरान अग्नि दुर्घटना की संभावित संभावनाएं को दृष्टिगत रखते हुए जनपद पंचायत बहोरीबंद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को प्रत्येक ग्राम पंचायतों में शासकीय एवं निजी व्यक्तियों के पास उपलब्ध पानी के टैंकर में पानी भरकर सुलभ सुरक्षित स्थल पर रखने के निर्देश दिए है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बहोरीबंद श्री चौरसिया द्वारा जारी पत्र में उल्लेख किया गया है। कि जिला मुख्यालय से ग्रामीण क्षेत्रों की दूरी अधिक होने से अग्नि दुर्घटना के घटित होने पर बचाव हेतु फायर ब्रिगेड के पहुंचने में अत्याधिक समय व्यतीत होने के कारण अत्यधिक नुकसान होता है। प्रत्येक ग्राम पंचायतों में शासकीय एवं निजी व्यक्तियों के पास उपलब्ध पानी के टैंकर में पानी भरकर रखने से किसी भी घटना के घटित होने के दौरान प्राथमिक रूप से उक्त पानी के टैंकरों से सहायता पहुंचाई जा सकती है। इस हेतु एस.डी.एम बहोरीबंद ने शासकीय पानी के टैंकरों, ट्रेक्टरों के चालकों तथा निजी ट्रेक्टर टैंकर के चालकों की सूचियों तैयार कर अविलंब उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है।

### विद्यालयों के समय परिवर्तन की उठी मांग

**कटनी।** भीषण गर्मी और लू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए अप्रैल माह में प्रदेश के अन्य जिलों की तरह कटनी में भी शालाओं में समय बदलने की मांग जोर पकड़ने लगी है। मौसम के बदलते तेवर और नवनिहालों के स्वास्थ्य को देखते हुए, जिले के विद्यालयों का समय सुबह के पाली में लगाये जाने की मांग अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संघ द्वारा की गयी है। जिला कलेक्टर सहित जिला शिक्षा अधिकारी को भेजे पत्र में अधिकारी-कर्मचारी संयुक्त मोर्चा संघ के प्रांतीय प्रवक्ता मार्तण्ड सिंह राजपूत द्वारा उल्लेख किया गया है कि गर्मी के मौसम में बच्चे के सेहत को ध्यान में रखते हुए, किसी अप्रिय घटना घटित होने के पहले ही शालाओं का समय परिवर्तन जिले के लिये एक महत्वपूर्ण मांग है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश के अनेकों अनेक जिला कलेक्टरों द्वारा कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक के विद्यालयों में एक अप्रेल से प्रारंभ हुए नवीन शिक्षा सत्र में एक माह हेतु शाला समय में परिवर्तन किया गया है. किन्तु कटनी जिला अभी तक इस बालकेंद्रित हित से जुड़े आदेश की प्रतीक्षा में है। जिला प्रशासन से जिले की शालाओं में यथा शीघ्र समय परिवर्तन का अनुरोध किया गया है।

## जन्मोत्सव पर नगर भ्रमण करेंगे कलयुग के भगवान

# धनपुरी में धूमधाम से मनाई जाएगी हनुमान जयंती







**सभी मंदिरों में होंगे विशेष आयोजन - नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकलेगी शोभायात्रा**

राम भक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। हनुमान जन्मोत्सव पर विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो श्रीराधा कृष्ण मंदिर स्थित दक्षिण मुखी हनुमान से भगवान हनुमान जी विशाल शोभायात्रा का जगह-जगह भव्य स्वागत किया जाएगा।

**धनपुरी।**

अखंड मानस पाठहिंदू धार्मिक संस्था के अध्यक्ष हनुमान खंडेलवाल ने बताया कि 12 अप्रैल को श्रीराधा कृष्ण मंदिर स्थित दक्षिण मुखी हनुमान जी के जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम की श्रंखला में 12 अप्रैल को प्रातः 9:30 बजे श्रीराधे कृष्ण मंदिर स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर मे अखंड मानस पाठ का रामायण मंडली के द्वारा संगीतमय श्री सुंदरकांड का पाठ किया जाएगा। शाम 4:00 बजे नगर के प्रमुख स्थल से शोभा यात्रा वाहन से निकाली जाएगी।शाम 4 बजे शोभायात्रा निकलेगीश्रीहनुमान जन्मोत्सव पर सैकड़ों श्रद्धालुजन सुबह से ही मंदिर पहुंचकर जल अभिषेक पूजा पाठ में शामिल होंगे। तदुपरांत शोभा यात्रा शाम 4:00 बजे राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होगा जो नगरपालिका होते हुए मेन रोड से माइकल चौक गोप चौराहे एक नंबर से होते हुए गुरुनानक टॉकीज विकास लाज रोड से दूरभाष केंद्र होते हुए शोभायात्रा आजाद चौक पहुंचेगी जहां जगह जगह जुलूस का स्वागत के उपरांत श्रीराधा कृष्ण मंदिर में विशाल भंडारे में जुलूस भंडारे में शामिल हो जाएगी।पूजा-पाठ जलअभिषेकहनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित कार्यक्रम को लेकर श्री हनुमान जन्मोत्सव सेवा समिति के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीराधा कृष्ण मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर मंदिर में साफ सफाई धार्मिक कार्यक्रम व भंडारा का आयोजन को लेकर जोर शोर से तैयारी में लगे हुए हैं। श्रीराधा कृष्ण मंदिर स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रातः 9:00 बजे जलाभिषेक व संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।यहां कलयुग के संकट मोचन पूजे जायेंगेभगवान हनुमान जी के जन्मोत्सव पर नगर के विभिन्न मंदिरों में पूजा-पाठ भंडारा का आयोजन किए जाएंगे मुख्य रूप से श्रीराधा कृष्ण मंदिर स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर 2,श्री दक्षिणेश्वर पंचमुखी बजरंगबली छोटी तलैया धनपुरी, 3,कालरी नंबर 1 शंकर मंदिर, 4,बरगवां दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, 5,मां ज्वालामुखी स्थित हनुमान मंदिर, 6,डोगरिया स्थित पंचमुखी दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर,7,धनपुरी कॉलरी नंबर 3 स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, सिद्ध बाब डोगरिया बरगमां।भगवान हनुमान जन्मोउत्सव पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन पूजा पाठ व भंडारे का आयोजन समितियों के द्वारा किया जाएगा। इसकी तैयारी अंतिम चरण में चल रही है।

## सांसद हिमाद्री सिंह एवं भाजपा नेता दिलीप पांडे ने कोयला मंत्री से की मुलाकात, मालाचुआ परियोजना के शीघ्र आरंभ की मांग

**बिरसिंहपुर पाली**



शहडोल संसदीय क्षेत्र की लोकप्रिय सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री दिलीप पांडे ने कोयला मंत्री श्री किशन रेड्डी से हैदराबाद में आत्मीय भेंट कर शहडोल के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक चर्चा की।इस दौरान सांसद श्रीमती सिंह एवं श्री पांडे ने कोयला मंत्री को मालाचुआ कोल परियोजना को शीघ्र आरंभ किए जाने की मांग की। उन्होंने मंत्री महोदय को बताया कि यह परियोजना क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके शुरू होने से स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।मुलाकात के दौरान सांसद ने शहडोल संसदीय क्षेत्र में कोयला आधारित उद्योगों की संभावनाओं, रोजगार सृजन, एवं बुनियादी ढांचे के विस्तार पर भी चर्चा की। साथ ही उन्होंने कोयला मंत्री को शहडोल दौरे के लिए औपचारिक निमंत्रण भी सौंपा।श्री किशन रेड्डी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि मंत्रालय इस दिशा में आवश्यक पहल करेगा एवं शहडोल जैसे पिछड़े क्षेत्रों के विकास के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।यह मुलाकात क्षेत्र के लोगों के लिए नई उम्मीद लेकर आई है, जिससे शहडोल में विकास की गति को नया आयाम मिलने की संभावनाएं प्रबल हो गई हैं।

## कॉलेज में माहौल खराब करने वाले तत्वों के खिलाफ की जाएगी सख्त कार्रवाई -डॉ आर के तिवारी

**ब्यौहारी**

पंडित राम किशोर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में 4 अप्रैल को कॉलेज में दो छात्र गुटों के बीच में आपसी विवाद में मारपीट का वीडियो वायरल हुआ जिस पर बयान देते हुए प्राचार्य डॉ आरके तिवारी ने बताया कि मारपीट में चोट नहीं लगी है सीढ़ी में गिरने से चोट लगी कॉलेज में उसे दिन प्रैक्टिकल था हम लोग प्रैक्टिकल कराने में बिजी थे इसी दौरान अजय बैश्य एवं निराला साकेत दोनों के बीच में आपसी रंजिश में झूमा झटती हुई जिसमें अजय वैश सीढी से गिर गया और उसके मुंह में चोट आई है उसको तत्काल अस्पताल भेजा गया पुलिस को भी समुचित कार्रवाई के लिए पत्र लिखा गया मामला अनुशासन समिति को भी भेजा गया है कॉलेज कैंपस में माहौल खराब करने वाले किसी भी तत्व को बक्सा नहीं जाएगा सभी के विरुद्ध कैद कार्रवाई की जाए कोई भी हो कहीं जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष राजेंद्र वैश्य ने प्राचार्य को पत्र लिखकर अजय व्यास शिवम निराला अजमेर खान विवेक साकेत प्रथम सोनी को महाविद्यालय से बाहर कर कानूनी कार्रवाई के लिए पत्र लिखा है थाना प्रभारी को भी कार्रवाई के लिए पत्र लिखा गया कॉलेज में जो घटना हुई इसकी सूचना थाना प्रभारी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस को दी जा चुकी है कानून अपना काम कर रहा है छात्र नेता अजय वैश रिश्ते में मेरा भतीजा नहीं है लोगों द्वारा झूठा प्रचार किया जा रहा है मेरा घर झिरिया बुडवा में है अजय व्यास का घर बनासी में है जो सरवाही पंचायत में आता है कॉलेज कैंपस में माहौल खराब करने वालों को बक्सर नहीं जाएगा कुछ लोग इस अबसर का लाभ उठाकर अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने में लगे हैं और कॉलेज के बारे में अनर्गल बातें सोशल मीडिया में प्रसारित कर रहे हैं।

## खड़ी बाइक में लगी आग बड़ी दुघर्टना होने से टलीं



**बुढार।**

मंगलवार को दोपहर 2 बजे कोतमा रोड जीडी कांप्लेक्स के सामने खड़ी बाइक में आचनक आग लग गई जिसे देखकर राहगीरों में आफरा तफरी मच गई और बड़ी दुघर्टना होते-होते बची।

सुर्य की बढ़ती हुई तपिश को देखते हुए अब जहां गर्मी अपने चरम सीमा पर धीरे धीरे आ रही और ऐसे में लापरवाही करना नुकसानदायक हो सकता है ऐसा ही वाक्या 8 अप्रेल को दोपहर देखने को मिला दोपहर धूप में खड़ी बाइक में शार्ट सर्किट होने से आग लग गई और धीरे धीरे आग तपन बढ़ने लगी जिसे देखकर राहगीरों भागने लगे लेकिन दुकानदारों की सुझबुझ से आग पर काबू पा लिया और बड़ी दुघर्टना होते-होते बच गई।

## महिला बाल विकास विभाग के द्वारा 8 से 22 अप्रेल तक महिलाओं में जागरूकता लाने राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का करेगा आयोजन

**बुढार।**

मंगलवार को महिला बाल विकास परियोजना विभाग के द्वारा 8 अप्रेल से 22 तक चलने वाले सातवें राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन कर महिलाओं में जागरूकता लाने के उद्देश्य से कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है।

जिला महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी मनोज लारोकर के निर्देशन एवं प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती राजकुमारी पांडेय,सुपर वाइजर प्रियंका ठाकुर के द्वारा बुढार आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित होंगे कार्यक्रम।

### इस प्रकार होंगे कार्यक्रम आयोजित

राष्ट्रीय पोषण पखवाड़े के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रभात फेरी, गोदभराई दिवस,का आयोजन, गर्भवती महिलाओं का पोषण थाली प्रदर्शन एवं परिचर्चा, गर्भावस्था के दौरान आयरन एवं कैल्शियम की दवाईयां का सेवन की उपयोगिता पर चर्चा, हितग्राहियों के साथ टेकहोम एवं राशन वितरण, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस का आयोजन करना साथ ही सभी गर्भवती माताओं का वजन एवं ऊंचाई नाप कर पोषण ट्रैकर में प्रविष्टि, एएनएम के सहयोग से हिमोग्लोबिन की जांच पोषण टैकर में प्रविष्टि, शिशु एवं माताओं में संक्रमण रोकने हेतु परिचर्चा कर उसका निदान करना।रैली में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती शोभा नामदेव, प्रीति गुप्ता, प्रीति लखेर सहित विभिन्न वार्डों के कार्यकर्ता एवं वार्ड पार्षद,समूह के अध्यक्ष, सचिव ,सदस्य,किशोर,किशोरी की उपस्थिति रही।



## सतगुरू बाबा थॉवरदास जन्मोत्सव पर 13 अप्रैल तक मेहड़ दरबार में होंगे आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी**

मेहड़ दरबार शांति नगर में दादी नानकी देवी के सानिध्य में जन्मोत्सव कार्यक्रम हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम व श्रद्धा भाव के साथ मनाया जा रहा है जिसके 07 अप्रैल सोमवार को प्रातः 9 बजे से श्री सुखमनी व जपुजी साहब का पाठ आरंभ होगा एवं 10 बजे जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में गुरू का साप्ताहिक पाठ आरंभ होगा। रोजाना प्रातः एवं सायंकाल नित्यनेम वाहि गुरू जाप शब्द कीर्तन आध्यात्मिक सत्संग एवं बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम व गुरू देवों की आरती अरदास का आयोजन होगा। रविवार को श्रीराम नवमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। 12 अप्रैल को बाबा थॉवरदास के जन्मोत्सव के लाडा (हर्ष गीत) का कार्यक्रम सायं 6 बजे से आयोजित होगा। 13 अप्रैल, रविवार बैसाखी के शुभ दिन प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक सत्संग भजन कीर्तन के बाद दोपहर 11 बजे से गुरू का लंगर (आम भंडारा) आयोजित होगा। श्री सुखमनी व श्री जपु जी साहिब के पाठ को भोग पड़ेगा। तत्पश्चात साप्ताहिक पाठ को भोग पड़ेगा एवं गुरू देवों की आरती अरदास होगी। इस जन्मोत्सव की कड़ी में 13 अप्रैल को सायंकाल 5 बजे से वाहिगुरू जाप बाबा थॉवरदास महिला मंडल द्वारा भजन कीर्तन एवं 244 दीपकों से समाधि स्थल पर गुरू देवों की महाआरती की जायेगी एवं जन्मदिन का केक काटकर बधाई गीत गाये जायेंगे व छप्पन भोग प्रसाद का भोग लगाकर प्रसाद वितरण व सेवकों का भंडारा आयोजित होगा। धर्मप्रिय जनों से श्री मेहड़ दरबार की दादी साहिबा नानकी देवी एवं दरबार के संत साई नारायण दास बाबा थॉवरदास सेवा मंडल कटनी ने निवेदन किया है कि इस महान संत के जन्मोत्सव के हर कार्यक्रम में पहुंचकर धर्मलाभ प्राप्त कर अपना जीवन सफल बनायें। दिनांक 18 अप्रैल को छठी (नामकरण) उत्सव सायंकाल 5 से 7 बजे तक दरबार में ही मनाया जायेगा। जन्मोत्सव की खुशी में कटनी के बाद मेहड़ दरबार तोरबा नाका बिलासपुर, अहमदाबाद, गोधरा, वड़ोदरा, हेमंत नगर, हिंघनघाट, अमरावती, सागर, रायपुर, शहडोल, सतना, जैतवारा, नैनपुर आदि नगरों में नारायण दास के सानिध्य में सेवकों द्वारा जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा।

**गांव के बाहर शराब दुकान नहीं की गई तो करेंगे उग्र आंदोलन**

## बस्ती बीच चल रही शराब दुकान के विरोध में लोगों ने किया प्रदर्शन, दी गई चेतावनी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी**

नियमों को ताक पर रखकर रहवासी क्षेत्रों, धार्मिक स्थलों आदि के पास शराब दुकान संचालन के अनुमति दी जा रही है नतीजन लोगों में आक्रोश की स्थिति बन रही है। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में धार्मिक स्थलों एवं बस्ती बीच शराब दुकान नहीं खोलने का लोग विरोध कर रहेहैं। बड़वारा ग्राम में आबादी के बीच संचालित हो रही शराब दुकान को गांव के बाहर स्थापित किए जाने की मांग करते हुए एक बार फिर स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। सड़क पर बैठकर प्रदर्शन कर रहे सैकड़ो लोगों ने कलेक्टर, एसपी सहित अन्य जिम्मेदार अधिकारियों के नाम का ज्ञापन सौंपते हुए शराब दुकान को तत्काल गांव के बाहर स्थापित कराए जाने की मांग रखी।



ग्रामीणों ने यह भी चेतावनी दे दी कि यदि उनकी बातों को गंभीरता पूर्वक नहीं लिया गया और शराब दुकान को गांव के बाहर स्थापित नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन का रुख अख्तियार करेंगे।

रविवार देर शाम बड़वारा ग्राम के सैकड़ो की संख्या में लोग जमा हो गए और उन्होंने सड़क पर बैठकर धरना देना शुरू कर दिया। गांव के अंदर चल रही शराब दुकान को गांव के बाहर स्थापित कराए जाने की मांग करते हुए प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि शासकीय देशी एवं अंग्रेजी शराब दुकान को गांव से बाहर स्थापित किया जाए। समस्त गग्रामीणों के द्वारा कई दिनो से शासन-प्रशासन से मांग की जा रही है कि ग्राम पंचायत बडवारा तहसील मुख्यालय में संचालित देशी एवं अंग्रेजी शराब दुकान ग्राम से बाहर संचालित की जाये। विगत दिनों सड़को पर उत्तरकर बार बार धरना प्रदर्शन भी किया गया, किन्तु शासन से निराशा ही हाथ लगी। जबकि ग्रामवासियों को आश्वाशसन दिया गया था कि 03 दिनो तक शराब दुकान बंद रहेगी तत्पश्चात दुकान ग्राम से बाहर कर दी जावेगी। किन्तु दुकान न ही बंद हुई और ना ही दुकान को ग्राम से बाहर किया गया।

लोगों ने कहा कि बडवारा में संचालित शासकीय देशी एवं अंग्रेजी शराब दुकान को ग्राम से बाहर संचालन कराया जावे अन्यथा समस्त ग्रामवासी सड़को पर उतरकर वृहद पैमाने पर धरना प्रदर्शन, चक्काजाम, आत्मदाह करने को विवश होगे जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

## खबर संक्षेप

### डॉ. सुरेशचन्द्र राय ने सीएमएचओ का पदभार किया ग्रहण

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग की कार्यालयीन कार्य व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ



चिकित्सक डॉ. सुरेशचन्द्र राय को आगामी आदेश तक के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अनूपपुर का कार्यभार सौंपा गया। जिसके बाद तत्काल ही डॉ. सुरेशचन्द्र राय ने 5 अप्रैल शनिवार की दोपहर कार्यालय पहुंचकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अनूपपुर का पदभार ग्रहण किया। जानकारी के अनुसार कलेक्टर द्वारा आदेश क्रमांक 187/ स्था./ तीन-एक /2025 दिनांक 5 अप्रैल को जारी करते हुए बताया कि कार्यालयीन आदेश क्रमांक 6589 स्था. तीन-एक2024, दिनांक 28 दिसम्बर 2024 के द्वारा डॉ. आर.के. वर्मा प्रमुख खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोतमा को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अनूपपुर का कार्य भार सौंपा गया था। वर्तमान में स्वास्थ्य विभाग की कार्यालयीन कार्य व्यवस्था के दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ चिकित्सक अनूपपुर डॉ. सुरेशचन्द्र राय को आगामी आदेश तक के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अनूपपुर का कार्यभार सौंपा गया है। जहां उक्त आदेश के बाद डॉ.एस.सी. राय ने सीएमएचओ का पदभार ग्रहण कर लिया है।

### प्रचंड गर्मी के मद्देनजर स्कूलों के समय में परिवर्तनन

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा ग्रीष्म ऋतु के दौरान वर्तमान समय में तापमान में वृद्धि होने से छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की दृष्टि से जिले में संचालित कक्षा नर्सरी से 12 वीं तक की समस्त शासकीय, अशासकीय, नवोदय, सीबीएसई शैक्षणिक संस्थाओं के संचालन का समय परिवर्तित कर प्रातः 7.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक नियत किया गया है। मूल्यांकन कार्य अपने यथावत समय पर संपादित होंगे।

### चैत्र नवरात्रि के समापन पर निकाला गया जवारा जुलूस



**कोतमा।** चैत्र नवरात्रि के समापन पर सोमवार को नगर के मंदिर एवं मढिया से माता के जयकारों के बीच जवारा जुलूस निकाला गया जिसमें भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। हर तरफ मैया के दर्शनों की होड़ मच गई। सोमवार की रात को भक्तिमय माहौल में दफाई टोला खेरमाई मवेशी बाजार स्थित शारदा काली मंदिर पुरानी बस्ती शारदा मंदिर का जवारा विसर्जन जुलूस निकला गया। खप्पर में काली नृत्य आकर्षण का केंद्र था जिसे देखने नगर उमड पड़ा। जुलूस मंदिर परिसर से शुरू होकर नगर की विभिन्न गलियों का भ्रमण करते हुए तालाब पहुंचा। जहां जवारों का विसर्जन किया गया। जुलूस में दर्जन भर काली जी शामिल थीं जो नगर की गलियों में ढोल-नगाड़े की थाप पर हाथ में तलवार लेकर खप्पर नृत्य कर रही थी जो मुख्य आकर्षण श्रद्धालुओं के बीच था। वही महिलाओं एवं बच्चियों ने सिर पर जवारा कलश रखकर जुलूस के साथ चल रही थी। इस दौरान भारी सुरक्षा बल मौजूद था। थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह जुलूस के साथ पैदल चलते हुए शांति व्यवस्था पर नजर बनाये हुए थे।

### जहरखुरानी महिला को डायल 100 ने अस्पताल पहुंचाकर बचाई जान

**अनूपपुर।** अनूपपुर के थाना कोतमा क्षेत्र में जमगाँव में एक महिला दुलारी बाई चौधरी पति मनोज कुमार उम्र 35 वर्ष ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में 8 अप्रैल को प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल कोतमा थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक महेश साहू एवं पायलेट वीरेंद्र कुमार ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि पारिवारिक विवाद के चलते एक महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। डायल-112/100 जवानों ने पीड़ित महिला को एफ आर व्ही वाहन से परिजन के साथ ले जाकर शासकीय अस्पताल कोतमा अस्पताल में भर्ती करवाया जहाँ पीड़ित महिला का उपचार किया जा रहा है।

### कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी आमजनों की समस्याएं



**अनूपपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आज जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें कलेक्टर हर्षल पंचोली ने आम नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के निर्देश दिए।

# जिले में खुद के नये भवन को तरस रहा न्याय का मंदिर

## उच्च न्यायालय के राज्य सरकार को निर्देश के बाद खुली राह

**जिला न्यायालय के निर्माण में हो रही देरी की वजह से अनूपपुर जिला न्यायालय के अधिवक्ता बासुदेव चटर्जी द्वारा उच्च न्यायालय जबलपुर में जनहित याचिका संख्या WP 6278/2025 अधिवक्ता दीपक कुमार पांडे के माध्यम से प्रस्तुत की गई थी, याचिका में पंद्रह साल बीत जाने के बाद भी अनूपपुर में जिला न्यायालय के निर्माण की राशि राज्य सरकार द्वारा जारी नहीं किया जा रहा था जबकि सारी तकनीकी औपचारिकताएं पूर्ण किया जा चुका है।**








अनूपपुर।

इस सम्बन्ध में याचिकाकर्ता और उनके अधिवक्ता के माध्यम से कई आवेदन दिए गए थे, जिला अधिवक्ता संघ ने भी कई बार अनुरोध किया था, अनूपपुर और पुष्पराजगढ़ विधायक द्वारा विधानसभा में प्रश्न भी लगाए गए। उच्च न्यायालय के अधिवक्ता दीपक कुमार पांडे ने बताया कि मप्र के मुख्यमंत्री द्वारा जिले में प्रवास के दौरान घोषणा भी की गई थी परन्तु राशि स्वीकृत नहीं की गई, जिले में जिला न्यायालय भवन नहीं होने के कारण अधिवक्ता, न्यायायिक कर्मचारी, पक्षकारों को निरंतर असुविधा का सामना करना पड़ता है। नए न्यायाधीश की उपलब्धता भी भवन के नहीं होने से प्रभावित होती है, शासकीय तुलसी महाविद्यालय के पुराने भवन में जिला न्यायालय का संचालन किया जा रहा है, जिससे अधिवक्ता श्री चटर्जी द्वारा याचिका दायर कर इस मामले में राज्य सरकार को बजट जारी करने की मांग की गई थी। इस मामले मे 8 अप्रैल को सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश की डबल बेंच ने राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है और जून 2025 के लिए इस मामले को सुनवाई के लिए रखा है, हाईकोर्ट की नोटिस के बाद जिला न्यायालय भवन के निर्माण की संभावना बन गई है अब देखना है राज्य सरकार बजट जारी करती है या नहीं, याचिकाकर्ता का पक्ष युवा अधिवक्ता अनुभव सिंघल ने रखा जो अनूपपुर जिले के निवासी हैं। इस मामले मे वासुदेव चटर्जी ने कहा कि बार बार जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पत्रकारों ने जिला न्यायालय भवन के लिए आवाज उठाई, तत्कालीन मुख्यमंत्री वर्तमान सीएम ने सार्वजनिक घोषणा की फिर भी बजट स्वीकृत नहीं किया गया। तुलसी महाविद्यालय के जर्जर भवन में गत सत्रह वर्षों से जिला न्यायालय चल रहा था कहीं कोई भी सुनवाई नहीं हो रही थी, सारे वादे घोषणाओं के बाद भी अनूपपुर जिले में न्यायालय के लिए पैसा जारी नहीं हो पाया था, थक हारकर जिले के निवासी अधिवताओं ने जो हाईकोर्ट जबलपुर मे याचिका दाखिल की।

# पवित्र नगरी अमरकंटक में हरे माधव सत्संग का दो दिन आयोजन 12 व 13 अप्रैल को



अमरकंटक।

प्रदेश के प्रमुख धार्मिक तीर्थ स्थल एवं पर्यटन केंद्र पवित्र नगरी अमरकंटक में आगामी 12 एवं 13 अप्रैल को रामघाट मैदान में हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति कटनी शाखा रायपुर छत्तीसगढ़ छत्तीसगढ़ एवं मध्य प्रदेश के तत्वाधान में हरीराया सतगुरु बाबा ईश्वर शाह जी की कृपा दृष्टि एवं पवन हुजूरी में हरे माधव सत्संग का महत्वपूर्ण धार्मिक एवं आध्यात्मिक विशाल आयोजन किया जा रहा है इसकी आवश्यक तैयारी रामघाट के साप्ताहिक बाजार मैदान में युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि हरे माधव सत्संग के आयोजन में मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य के लगभग 3 हजार से भी अधिक सिंधी समाज के भक्त श्रद्धालु श्रोतागण इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आएंगे जिनके रहने हेतु आवास भजन एवं सत्संग स्थल का सभी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। बताया गया कि सद्गुरु बाबा ईश्वर शाह जी का आगमन 11 अप्रैल 25 शुक्रवार को होगा इस दिवस सायंकाल 6 बजे कल्याण सेवा आश्रम प्रांगण से मृत्युंजय आश्रम रामघाट कार्यक्रम स्थल तक विशाल भव्य शोभायात्रा सद्गुरु बाबा जी की उपस्थिति एवं सानिध्य में निकाला जाएगा। इस अवसर पर भारी संख्या में धर्मभीरु भक्त श्रद्धालुगण उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में आगे बताया गया है कि 12 एवं 13 अप्रैल 25 को से शनिवार एवं रविवार संध्याकाल 5 से रात्रि 9 बजे तक रामघाट मैदान के विशाल पंडाल में सत्संग का आयोजन होगा सत्संग पश्चात हरे माधव ब्रह्म भोज भंडारा प्रसाद किया जाएगा। पवित्र नगरी अमरकंटक के स्थानीय व्यवस्था प्रभारी देवानंद खत्री एवं अनिल खत्री ने बताया कि 13 अप्रैल 25 रविवार को संध्या काल रामघाट के दक्षिण तट में विशाल महाआरती का आयोजन है। स्थानीय व्यवस्था प्रभारी ने स्थानीय भक्त श्रद्धालुओं गणमान्य नागरिकों से उक्त आयोजन में भारी संख्या में उपस्थित शामिल रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह प्रथम अवसर है कि सद्गुरु बाबा ईश्वर शाह जीका आध्यात्मिक धार्मिक सत्संग का आयोजन किया जा रहा है सभी इस आयोजन में बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता दर्ज कराएं।

# रुपए के लालच में जोखिम डाल रहे यात्रियों की जान

## मालवाहक वाहनों में ढो रहे सवारी, कार्यवाही की मांग

**कोतमा।** जिले के पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के द्वारा आए दिन हो रही सड़क दुर्घटना को देखते हुए जिले के यातायात पुलिस को निर्देश देते हुए सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने निर्देश दिए गए हैं। फुनगा मे हाईवे चौकी भी संचालित करवा दी गई है उसके बावजूद भी मालवाहक वाहनों में सवारी ढोई जा रही है। जिसके कारण दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। खासतौर पर ग्रामीण अंचलों में यह समस्या सबसे अधिक देखने को मिलती है। बावजूद इसके मालवाहक वाहनों पर किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं हो पा रही है। पूर्व में करीब दर्जन भर से अधिक घटनाएं हो चुकी है, जिसमें लोगों की मौत भी हो चुकी है। नगर सहित ग्रामीण एवं कोयलांचल क्षेत्र में मालवाहक वाहनों में सवारी ढोने का कार्य रोजाना किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार ग्रामीण अंचलों में आवागमन के साधन कम होने के कारण मालवाहक वाहनों से सवारियां ढोने का कार्य किया जाता है। क्षेत्र में ठेकेदारों द्वारा मजदूरों को काम पर लाने ले जाने के लिए मालवाहक वाहनों का उपयोग किया जा रहा है। जिसमें क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर ले जाया जाता है। ऐसे में कभी भी घटना हो सकती है। मोटर व्हीकल एक्ट में साफ तौर पर मालवाहक वाहनों में सवारियां ढोने पर पाबंदी है। हादसे होने की स्थिति में अपनी जान गंवाने वाले तथा घायल होने वाले लोगों को मुआवजे का भी प्रावधान नहीं है। बावजूद इसके ऐसे मालवाहक वाहनों पर कार्यवाही नहीं हो पा रही है। पूर्व में नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र में मालवाहक वाहनों में बारात ढोई जा रही थी साथ ही शहडोल जिले के बुढार से कूदरगढ छग माता के दर्शन करने जा रहे थे और पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई थी जिसके कारण मौत भी हुई थी इसके अलावा कई दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी है। बावजूद इसके प्रशासन इसे गंभीरता से नहीं ले रहा है। जिसके कारण इनके हौसले बुलंद हैं। कृषि कार्यों के नाम से खरीदे गए वाहनों का सवारी गाड़ियों की तरह इस्तेमाल हो रहा है। ट्रैक्टर, मेटाडोर, पिकअप जैसे अन्य वाहनों में सवारी ढोई जा रही है। शादी, पिकनिक व अन्य कामकाज में वाहन का उपयोग किया जाता है। ज्ञात हो परिवहन विभाग के कर्मचारी ऐसे वाहनों को रोककर उनकी चेकिंग नहीं करते है।



**रुपए के लालच में ले रहे जोखिम**

माल वाहक मालिक और चालक रुपए के लालच में ग्रामीणों की जान को जोखिम में डाल रहे हैं। ऐसे वाहनों पर कार्यवाही नहीं होने से उनके हौंसले बुलंद होते जा रहे हैं। लगातार सड़क हादसे होने के बाद भी मालवाहक वाहनों में सवारियां ढोई जा रही है। पुलिस एवं यातायात विभाग के द्वारा आये दिन वाहनों की सघन जांच की जा रही है लेकिन क्या ऐसे वाहन पुलिस एवं यातायात विभाग को नहीं नजर आ रहे हैं जो प्रतिदिन पिकअप वाहन एवं मालवाहक वाहनो में खुलेआम सवारियों को बैठाकर राष्ट्रीय राजमार्गों एवं नगर के मुख्य मार्ग में आना-जाना कर रहे हैं।

**SECTION 1**
**Notice Inviting e-Tenders**
**Government of Madhya Pradesh**

Online Item rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria:

| S.No. /Pkg/ Code | Name of Work | District(s) | Completion Period (months) |
|---|---|---|---|
| 1 | Supply funeral Van, Grass Cutting and Fogging Machine | ANUPPUR | 2 (Two) Months including Rainy Season |

1. Interested bidders can view the NIT on website https://mptenders.gov.in/ 2. The Bid Document can be purchased only online from Dated 02/04/2025 3. Amendments to NIT, if any, would be published on website only, and not in newspaper. 4. The Affidavit of Rs. 500/- in prescribed format as per Annexure-B duly notarized and other mandatory documents along with electronic EMD shall be uploaded online along with the tender as instructed by the Government of Madhya Pradesh, 5. The tender document can be purchased only online from the above website after making online payment using credit card or internet banking account. Detailed NIT and other details can be view on the above-mentioned portal.

**Office of- District Collectorate, Collector Office - Anuppur**

# शिव मारुति युवा संगठन ने प्रशासनिक अमले को दिया हनुमान जन्मोत्सव का आमंत्रण



### शोभा यात्रा की भव्यता बनेगी आकर्षण का केंद्र

अनूपपुर।

**हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी वार्ड क्रमांक एक स्थित प्राचीन श्री शिव मारुति मंदिर (सामतपुर) अनूपपुर में तेजी से चल रही है। ज्ञातव्य हो कि इस बार 12 अप्रैल दिन शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य शोभा यात्रा एवं विशाल भंडारा का आयोजन होने जा रहा है। यह भव्य उत्सव 12 अप्रैल को श्री शिव मारुति मंदिर सामतपुर, अनूपपुर में बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा।**

शिव मारुति युवा संगठन (सामतपुर) अनूपपुर ने कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान एवं एडिशनल एसपी इसरार मंसूरी को समिति ने आमंत्रण पत्र दिया।कार्यक्रम के मुताबिक शुभारंभ आरती श्री शिव मारुति मंदिर (सामतपुर) में होगी एवं समापन आरती बस स्टैंड में की जाएगी।जहां सभी वरिष्ठ अधिकारी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी, नागरिक गण उपस्थित रहेंगे। इस भव्य आयोजन में अनूपपुर जिले के अलावा आस- पास के गांव के हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे।शोभा यात्रा की भव्यता देखते ही बनेगी। जिसमें मनमोहक झांकियां, आकर्षक साज सज्जा, भक्ति की अनोखी छटा देखने को मिलेगी। इस दौरान देश भर से आए कलाकार अपने प्रस्तुतियों से माहौल को भक्ति मय बनाएंगे। इस भव्य कार्यक्रम में पूरा अनूपपुर शामिल रहेगा। इस महा योजना को देखते हुए पूरे अनूपपुर में विशेष तैयारी की जा रही है।12 अप्रैल को जिले भर के बाजार एवं प्रतिष्ठान बंद रहेंगे।ताकि सभी लोग इस भव्य शोभा यात्रा और कार्यक्रम में सम्मिलित हो सके।हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर दिन भर धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। प्रातः 9 बजे विशेष पूजा, 12 बजे से भंडारा, 4 से भव्य शोभा यात्रा,बस स्टैंड अनूपपुर में संध्या आरती का आयोजन, राम कथा, हनुमान चालीसा आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे।

### जिले में हर्षोल्लास का माहौल

हनुमान जन्मोत्सव के तैयारी से जिले में भारी उत्साह देखा जा रहा है। भक्त इस दिन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ताकि वे इस भव्य आयोजन के साक्षी बन सके।अनूपपुर जिले के लिए यह आयोजन धार्मिक और संस्कृत दृष्टि से मिल का पत्थर साबित होगा। शिव मारुति युवा संगठन (सामतपुर) अनूपपुर द्वारा निवेदन किया गया है कि यह जानकारी अनूपपुर तथा आसपास के क्षेत्र तक पहुंचाएं और शोभा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई हैं।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बिजुरी, जिला - अनूपपुर (म.प्र)**
Phone/Fax No.: 07658-264242, E-mail:-cmobijuri@mpurban.gov.in

क्रमांक 48/न.पा./लो.नि./2025 — **/ / ई-निविदा आमंत्रण सूचना / /** — बिजुरी, दिनांक 04.04 2025

एतद् द्वारा मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदार, पंजीकृत फर्म को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्य की निकाय द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की गई है।

| क्र. | ई-निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2025_UAD_414353_1 | CONSTRUCTION OF BT ROAD FROM RAM MILAN JAISWAL HOUSE TO EX ARMYMAN AT WARD NUMBER 01 | 59.14 लाख | 44,359.00 | 5000.00 | 05/05/2025 (17:30 HRS) |
| 2 | 2025_UAD_414361_1 | CONSTRUCTION OF DRAIN FROM POOJA BEAUTY PARLOUR TO RAJU SINGH HOUSE AT WARD NO 05 | 11.88 लाख | 8,916.00 | 2000.00 | 05/05/2025 (17:30 HRS) |
| 3 | 2025_UAD_414357_1 | BEAUTIFICATION OF IDGAAH WITH SHED AT WARD NO 06 | 22.82 लाख | 17,115.00 | 5000.00 | 05/05/2025 (17:30 HRS) |
| 4 | 2025_UAD_414392_1 | CONSTRUCTION OF COVERED DRAIN FROM HARISH AGENCY TOWARDS PRATHMIC SWASTHA KENDRA TO PEEPAL CHAURAHA AT WARD NO 10 | 59.98 लाख | 44,987.00 | 5000.00 | 05/05/2025 (17:30 HRS) |
| 5 | 2025_UAD_414365_1 | RENOVATION OF SAMUDAYIK BHAWAN BEHIND MADEENA MOSQUE AT WARD NO 11 | 14.54 लाख | 10,912.00 | 2000.00 | 05/05/2025 (17:30 HRS) |
| 6 | 2025_UAD_414364_1 | INSTALLATION OF RO. WATER SYSTEM AT WARD NO 11 | 11.26 लाख | 8,447.00 | 2000.00 | 05/05/2025 (17:30 HRS) |
| 7 | 2025_UAD_414390_1 | CONSTRUCTION OF WBM CC ROAD FROM HETRAM HOUSE TO RAJENDRA HOUSE AT WARD NO 14 SOMNATOLA | 09.17 लाख | 9,170.00 | 2000.00 | 05/05/2025 (17:30 HRS) |
| 8 | 2025_UAD_414388_1 | CONSTRUCTION OF WBM CC ROAD FROM RAJENDRA MAHRA HOUSE TO BHAGTA MAIN ROAD AT WARD NO 14 | 45.85 लाख | 34,389.00 | 5000.00 | 05/05/2025 (17:30 HRS) |
| 9 | 2025_UAD_414367_1 | CONSTRUCTION OF C.C ROAD FROM PUJARA MAHARAJ HOUSE TO KOTHI MAIN ROAD AT WARD NO 15 | 12.35 लाख | 9,268.00 | 2000.00 | 05/05/2025 (17:30 HRS) |
| 10 | 2025_UAD_414386_1 | CONSTRUCTION OF DRAIN WITH COVERED CULVERT LOHS-RA SEVA HOUSE TO COLARY NURSERY AT WARD NO 15 | 19.95 लाख | 14,969.00 | 2000.00 | 05/05/2025 (17:30 HRS) |
| 11 | 2025_UAD_414385_1 | CONSTRUCTION OF C.C ROAD FROM SANTRAM SAHU HOUSE TO BHAVANIHA TALAB AT WARD NO 15 | 12.35 लाख | 9,268.00 | 2000.00 | 05/05/2025 (17:30 HRS) |

1. निविदा प्रस्तुत करने संबंधी सभी जानकारी वेब साईट (https://mpetenders.gov.in) में निशुल्क देखी व प्राप्त की जा सकती है। 2. बिड प्रस्तुतीकरण (ऑनलाईन) तिथि एवं अन्य जानकारी BID DATA SHEET व "KE DATES" में देखी जा सकती है। 3. निविदा के किसी भी प्रकार का संशोधन का प्रकाशन केवल बेबसाईट में किया जावेगा, समाचार पत्र में नहीं।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् बिजुरी**
**जिला - अनूपपुर (म.प्र.)**